नैशनल मीडिया फेडरेशन का राष्ट्रीय समाचार पत्र

www.nationalmediaforceindia.com

# मीडिया फोर्स

पत्रकार सिपाहियों की एक राष्ट्रीय सेना

Emai: mediaforceindia@gmail.com

वर्ष 22 | अंक 10 | नई दिल्ली | 1-15 अप्रैल 2026 | प्रधान सम्पादकः डॉ. जसबीर आर्य | संपादकः अजीत स्वामी | RNI No-DELHIN/2004/15381 | मूल्य 2 रुपया | पृष्ठः 4

## संक्षिप्त खबर

### इंद्रप्रस्थ नाम ही दिल्ली की असली सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक: कपिल मिश्रा

**नई दिल्लीः** दिल्ली सरकार की ओर से आयोजित इंद्रप्रस्थ कल्चरल फेस्टिवल 2026 का शुक्रवार को भारत हैबिटेट सेंटर में शुभारंभ हुआ। 5 अप्रैल तक तीन दिवसीय उत्सव में 100 से अधिक जाने-माने वक्ता, 50 से अधिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, साहित्यिक सत्र, युवा टाउनहॉल और विशेष प्रदर्शनी के माध्यम से भारत की समृद्ध सभ्यतागत विरासत और समकालीन सांस्कृतिक विमर्श को एक मंच पर प्रस्तुत किया जा रहा है।

दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने इस आयोजन को सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि इंद्रप्रस्थ नाम का चयन अपने आप में एक सांस्कृतिक घोषणा है। यह दिल्ली की उस ऐतिहासिक और सभ्यतागत पहचान को पुनः स्थापित करने का प्रयास है, जिसे लंबे समय तक सीमित दृष्टिकोण में प्रस्तुत किया जाता रहा है। दिल्ली की बहुसांस्कृतिक पहचान पर प्रकाश डालते हुए मिश्रा ने कहा कि दिल्ली ह्यमिनी इंडियाह्न के रूप में देश के हर क्षेत्र की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का केंद्र है। यहां देश के विभिन्न हिस्सों के त्योहार और परंपराएं अपने सबसे व्यापक और जीवंत स्वरूप में दिखाई देती हैं। यही दिल्ली की वास्तविक पहचान है और उसी पहचान को सशक्त करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में दिल्ली और देश के सांस्कृतिक परिदृश्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

फेस्टिवल के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर गहन संवाद सत्र, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, साहित्यिक चर्चाएं, युवा टाउनहॉल, कला एवं विरासत से जुड़ी प्रदर्शनी सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो राजधानी को एक जीवंत सांस्कृतिक मंच के रूप में स्थापित करेंगे और व्यापक जनभागीदारी को सुनिश्चित करेंगे।

### 'स्पर्धा 2026' में नुक्कड़ नाटकों का धमाल

**नई दिल्लीः** 'स्पर्धा 2026' के तहत युवाओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुतकर धमाल मचाया। आईआईएचएमआर द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 12 शिक्षण संस्थानों ने भाग लिया। हिंदू कॉलेज विजेता बना, जबकि गुरु तेग बहादुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी उपविजेता बना।

### डीयू के हॉस्टलों में सिलेंडरों की कमी: यादव

**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के हॉस्टलों में खाना बनाने के सिलेंडरों की कमी के कारण छात्रों को खाना नहीं मिल पाना चिंता का विषय है। उन्होंने दिल्ली सरकार से तुरंत इसका हल निकालने की मांग की। यादव ने कहा कि वैश्विक संकट का आम लोगों पर असर नहीं पड़ने देने के बावजूद रसोई गैस का संकट लोगों की रसोई, होटल, रेस्टोरेंट, छोटे-बड़े ढाबों और जेएनयू व दिल्ली विश्वविद्यालय के हॉस्टल सहित प्राइवेट कोचिंग लेने वाले छात्रों के हॉस्टल में सिलेंडर न मिलने से उनका दैनिक जीवन पूरी तरह बाधित हो रहा है।

# असम चुनाव में योगी की एंट्री



डॉ. जसबीर आर्य ( Ph.D )

**नई दिल्लीः** अप्रैल के पहले दो दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बाद, असम विधानसभा चुनाव प्रचार के तीसरे दिन उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ की असम के बारपेटा में हुई रैली से एक बार

फिर स्पष्ट हुआ है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए इस राज्य में योगी कितना मायने रखते है। शुक्रवार को योगी ने बारपेटा की रैली में उप्र में पिछले नौ वर्षों में हुए विकास कार्यों का हवाला देते हुए कहा कि इस अवधि में एक भी दंगा न होना, सांप्रदायिक सौहार्द बना रहना और माफिया का नाश होना बड़ी उपलब्धियां हैं।

स्थानीय रिपोर्ट्स के अनुसार, योगी की रैली से पहले ही बड़ी संख्या में महिलाएं रैली स्थल पर एकत्र होने लगी थीं। बारपेटा के बाद योगी आदित्यनाथ ने सोनितपुर जिले के बारछला विधानसभा क्षेत्र में रैली को संबोधित किया। वर्ष 2021 में हुए चुनाव में भी योगी आदित्यनाथ ने असम और पश्चिम बंगाल में कई सभाओं को संबोधित किया था, और इस बार भी चुनावी कार्यक्रम में योगी की व्यस्तता इस ओर संकेत दे रही है कि पूर्वोत्तर और पूर्वी राज्यों में योगी की अपील से भाजपा लोगों के बीच अपनी पकड़ को और मजबूत करने पर पूरा जोर दे रही है। असम के बाद योगी बंगाल में प्रचार करेंगे।

भाजपा की ओर से असम में अमित शाह, राजनाथ सिंह और अन्य नेता प्रचार में उतरे हैं, लेकिन योगी की कानून-व्यवस्था, अवैध घुसपैठ और विकास कार्यों को प्रमुखता देने की छवि से मतदाताओं को लुभाने की पूरी कोशिश है।

## कानूनी सहायता केंद्र

आप सभी कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों को सूचित किया जाता है कि संगठन के अन्तर्गत एक मजबूत कानूनी सहायता केन्द्र संचालित हो रहा है जिसके प्रभारी एडवोकेट स्वर्णदीप सिंह जी हैं जो कानूनी मामलों के अनुभवी जानकार होने के साथ-साथ अपनी जस्टिस लीग नाम से अपनी एक लॉ फार्म भी चलाते हैं। हमारे इस केंद्र में सभी प्रकार की दिवानी और फौजदारी केसों के अलावा लेबर, मैरिज, मेडिकल, मीडिया, कॉरपोरेट और पारिवारिक विवादों के साथ NDPS, PMLA, ED, CBI, N.I.A. से संबंधी केसों में भी निःशुल्क बेहतरीन परामर्श दिया जाता है, साथ ही जनहित से जुड़े मामलों में PIL भी डाली जाती है।

अतः कोई भी व्यक्ति इनकी सेवाएं ले सकता है। (संपादक)



**एडवोकेट स्वर्णदीप सिंह**
दिल्ली हाई कोर्ट
CEO, Justice League
मोबाइलः 9821510040


## अनरजिस्टर्ड डॉक्टरों हेतु सूचना

- क्या आप आयुर्वेद, युनानी, होम्योपैथी या ऐलोपैथी चिकित्सा के कुशल व अनुभवी अनरजिस्टर्ड प्रेक्टिशनर है ......?
- क्या आप अपने चिकित्सा व्यवसाय को विधिमान्य करना चाहते है.....?

यदि हाँ ! तो आप भारत सरकार,WHO व माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाईन्स के अनुसार हमारे **Certified Medical Practitioner (CMP)** बनकर अपनी सम्बंधित पैथी में खुलकर चिकित्सा अभ्यास\ व्यवसाय करें।

अतः CMP प्रमाण-पत्र करने हेतु शीघ्र सम्पर्क करें :-

**GLOBAL HEALTH & MEDICAL COUNCIL**
RECOGNISED BY:
MINISTRY OF HUMAN RESOURCES DEVELOPMENT, GOVT. OF INDIA, C.R NO. A-96169/2013
MINISTRY OF COMMERCE & INDUSTRY, GOVT. OF INDIA, TMA NO. 2060457/2010
SUPPORTED BY: MINISTRY OF HEALTH, GOVT. OF INDIA
केन्दय कार्यालयः प्लॉट न, चन्दा पार्क, द्वारका मोड हाइवे (NSIT के सामने ) नई दिल्ली - 110078
हेल्पलाइनः 09868422283, 09654886532, 09212412283 जिंचचः 9650380366
ईमेलः waradc@gmail.com वैबसाइटः www.worldayurvedresearch.com
NOTE:- KINDLY CNTACT FOR FRANCHISE OPNING & ADMISSION

## आयुर्वेद मे रोजगार भी-परोपकार भी

- ☆ क्या आप आयुर्वेद में अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते है?
- ☆ क्या आप आयुर्वेदिक/हर्बल उपचार पद्धति सीखना चाहते है?
- ☆ क्या आप आयुर्वेद शिरोमणि पत्रिका के पत्रकार या ब्यूरो चीफ बनना चाहते है?
- ☆ क्या आप आयुर्वेदिक/हर्बल/यूनानी चिकित्सा पद्धति के अनरजिस्टर्ड किन्तु अनुभवी व गुणी ज्ञानी प्रेक्टिशनर है? तो आप WARDC में सूचीबद्ध हो कर लाभ उठाये।
- ☆ क्या आप आयुर्वेदिक चिकित्सा/दवा व्यवसाय या हर्बल कृषि से जुड़े हुये है?
- ☆ क्या आप आयुर्वेदिक औषधी निर्माता है? और क्या आप हमारे नेटवर्क के द्वारा अपने सभी उत्पाद व औषधीयां बिकवाना चाहते है?
- ☆ क्या आप WARDC के परामर्शदाता/एजेंट/बिजनेस पार्टनर बनना चाहते है?
- ☆ क्या आप अपने यहां WARDC ( New Delhi) की फ्रेंचाईजी या प्रशिक्षण/ चिकित्सा केन्द्र या शाखा खोलना चाहते है?
- ☆ क्या आप अपने क्षेत्र में खादीग्रामोद्योग का विक्रय केन्द्र खोलना चाहते है?
- ☆ क्या आप किसी फार्मेसी या Health Care कम्पनी में सेल्स मैन/प्रोमोटर / वितरक / स्टॉकिस्ट/एजेंट/नैटवर्कर या किसी FitnessCentre/Gym/ योग प्रशिक्षण केन्द्र आदि मे ट्रेनर या व्यायाम शिक्षक या योगा टीचर है तो आप WARDC के Certified Health & Wellness Consultant (Health Professional) बनकर जनता को अपनी आरोग्य सेवायें प्रदान करें।

अतः आप भारत सरकार द्वारा विधिमान्य आयुर्वेदिक संगठन WARDC से जुड़ कर अपना विकास करें।

कृप्या और अधिक जानकारी के लिये निम्न पते पर सम्पर्क करें:-
**WORLD AYURVED RESEARCH & DEVELOPMENT COUNCIL**
(विश्व आयुर्वेद अनुसंधान एवं विकास परिषद्)
केन्द्रीय कार्यालयः प्लाट न० 4, चन्द्रापार्क, द्वारका मोड़ हाईवे ( NSIT के सामने ) नई दिल्ली-110078
हेल्पलाईनः 09868422283, 09654886532, 09212412283 Whatsap: 9650380366
ईमेलः waradc@gmail.com वैबसाईटः www. worldayurvedresearch.com
मिलने का समय प्रातः 10 बजे से शाम 7 बजे तक (कृपया आने से पूर्व सूचित करें)
नोटः WARDC संस्थान का प्रोस्पैक्ट निःशुल्क मंगवाने हेतु अपना नाम-पता पिन कोड सहित SMS करें।

आयुर्वेद सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा पद्धति है अतः इसे अपनाये



# संपादकीय

डॉ. जसबीर आर्य ( ph.D )

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम: प्रतिनिधित्व से सशक्तिकरण तक

भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में महिलाओं की आबादी लगभग आधी है, लेकिन राजनीति में उनका प्रतिनिधित्व लंबे समय तक सीमित रहा। इसी असंतुलन को दूर करने के उद्देश्य से पारित महिला आरक्षण बिल (नारी शत्ति वंदन अधिनियम) एक ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करता है। यह कानून केवल सीटों का आरक्षण नहीं, बल्कि लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जब महिलाएं नीति-निर्माण में अधिक संख्या में शामिल होंगी, तो शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर अधिक संवेदनशील और प्रभावी निर्णय सामने आ सकते हैं।

हालांकि अधिनियम पारित हो चुका है, लेकिन इसका ियान्वयन जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। यानी, इसके वास्तविक प्रभाव को देखने में समय लग सकता है। यह देरी कहीं न कहीं इसकी तत्काल प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगाती है।

सिर्फ कानून बना देने से ही महिलाओं का सशक्तिकरण सुनश्चित नहीं होता। समाज में पितृसत्तात्मक सोच, राजनीतिक दलों में टिकट वितरण की असमानता, और चुनावी खर्च जैसे मुद्दे अभी भी बाधा बने हुए हैं।

इसलिए जरूरी है कि राजनीतिक दल भी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाएं। यह अधिनियम राजनीतिक दलों की वास्तविक प्रतिबद्धता की भी परीक्षा है। क्या वे महिलाओं को केवल आरक्षित सीटों तक सीमित रखेंगे या सामान्य सीटों पर भी उन्हें पर्याप्त अवसर देंगे? यही इस कानून की सफलता का असली पैमाना होगा।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय लोकतंत्र को अधिक न्यायपूर्ण और संतुलित बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर है। लेकिन इसकी सफलता केवल इसके पारित होने में नहीं, बल्कि इसके प्रभावी ि्रयान्वयन और सामाजिक मानसिकता में बदलाव पर निर्भर करेगी। यदि इसे सही भावना और नीतियों के साथ लागू किया गया, तो यह भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में महिलाओं की जनसंख्या लगभग आधी है, लेकिन संसद और विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व अभी भी सीमित बना हुआ है। यह स्थिति केवल आंकड़ों की असमानता नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गुणवत्ता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। जब निर्णय लेने वाली संस्थाओं में समाज के आधे हिस्से की भागीदारी कम हो, तो नीतियों में उनकी जरूरतों और दृष्टिकोण का समुचित प्रतिबिंब वैसे दिखाई देगा? भारत में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी का इतिहास संघर्ष और धीरे-धीरे हुए विस्तार का रहा है। स्थानीय निकायों में 33 प्रतिशत आरक्षण ने निाित रूप से महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई है, जिससे ग्रामीण स्तर पर नेतृत्व के नए उदाहरण सामने आए हैं।

लेकिन यही प्रगति राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर नहीं दिखती। संसद में महिलाओं की संख्या अभी भी अपेक्षावृत कम है, जो यह दशार्ती है कि राजनीतिक दलों की प्राथमिकताओं में महिलाओं को पर्याप्त स्थान नहीं मिल रहा। इस असंतुलन के पीछे कई कारण - सामाजिक रूढिवादिता, आर्थिक निर्भरता, शिक्षा और अवसरों की कमी, तथा राजनीति में बढ़ता अपराधीकरण और धनबल। महिलाएं अक्सर चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक संसाधनों और समर्थन से वंचित रहती हैं। साथ ही, राजनीतिक दल भी उन्हें विनिग वैंडिडेट के रूप में कम आंकते हैं, जिससे टिकट वितरण में भेदभाव दिखाई देता है।

हालांकि, हाल के वर्षो में महिला आरक्षण विधेयक को लेकर चर्चा और पहल ने उम्मीद जगाई है। यदि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू होता है, तो यह एक ऐतिहासिक कदम होगा, जो न केवल प्रतिनिधित्व बढ़ाएगा बल्कि नीतिनिर्मा ण में संतुलन भी लाएगा। फिर भी, केवल आरक्षण ही समाधान नहीं है। महिलाओं को सशत्त बनाने के लिए शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता, और सामाजिक सोच में बदलाव भी उतना ही आवश्यक है।राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे स्वेच्छा से अधिक संख्या में महिलाओं को टिकट दें और नेतृत्व के अवसर प्रदान करें। साथ ही, समाज को भी महिलाओं के नेतृत्व को स्वीकार करने की मानसिकता विकसित करनी होगी। एक सशत्त लोकतंत्र वही है जिसमें हर वर्ग की आवाज बराबरी से सुनी जाए। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल उनका अधिकार नहीं, बल्कि देश के समग्र विकास और बेहतर शासन की अनिवायंर्ता है। अब समय आ गया है कि आधी आबादी को आधा प्रतिनिधित्व भी मिले।

# स्कूलों में भाई-भतीजा वाद समाप्त करने के लिए शिक्षा का राष्ट्रीयकरण आवश्यक



दिल्ली हाईकोर्ट एडवोकेट स्वर्णदीप सिंह
मोबाइल:9821510040

दोष सवर्ण या वंचित समाज के विद्यार्थियों में है बल्कि सारा दोष यहां की शिक्षा व्यवस्था में है जो वर्ग विशेष के नियंत्रण में चल रही है, यदि सरकार आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करना चाह रही है तो उसे स्वूल और कॉलेजों में वर्ण विशेष नियंत्रण को समाप्त करना होगा।

सरकार द्वारा लाया गया यूजीसी एक्ट का विवाद यद्यापि न्यायालय में लंबित है और इसके सबजूडिस होने के कारण इस पर कोई तर्व वितर्व नहीं किया जाना चाहिए। परंतु सोशल मीडिया में यूजीसी एक्ट की आड़ में आरक्षण सहित एससी एसटी एक्ट पर लोग मनमाने ढंग से अपने अपने विचार विशेषज्ञ के रूप में दे रहे हैं जो चीज भारत की संसद के द्वारा पारित की गई है उसपर अनभिज्ञ लोग अपनी राय बिना रोक-टोक के दे रहे हैं। प्राय यह कहा जाता है की विद्यालयों में 90 प्रतिशत तक पाने वाले लोग बेरोजगार हैं और 40 प्रतिशत अंक पाने वाले लोग उच्च पदों पर बैठे हुए हैं इसके पीछे लोग यह जानने का प्रयास नहीं करते कि देश में प्राइवेट स्वूलों के कारण धनाढा परिवारों से ताल्लुक रखने वाले छात्रों को प्रैक्टिकल परीक्षा में मानवाने अंक दिए जाते हैं जिसके कारण उनका अंक प्रतिशत गरीब वे वंचित समाज के बच्चों से बहुत ही ऊपर होता है इसके लिए यह जरूरी है कि देश में शिक्षा का राष्ट्रीयकरण हो।

जिससे शिक्षा में भाई भतीजा वाद समाप्त हो और सभी छात्रों को अपनी प्रतिभा साबित करने का अवसर समान रूप से मिले।

भारतीय संविधान का और यूजीसी एक्ट का विरोध करने वाले स्वामी आनंद स्वरूप जैसे लॉग डॉ. आंबेडकर के बारे में कहते हैं कि स्वूल परीक्षा में 10वीं या 12वीं में कभी भी डॉक्टर अंबेडकर को 40 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त नहीं हुए। पर आार्य की बात यह है कि 23 वर्ष की उम्र में ही डॉक्टर अंबेडकर ने कोलंबिया यूनिर्वसिटी से पीएचडी की शिक्षा प्राप्त की और उसके बाद लंदन स्वूल का इकोनॉमिक्स से डायरेक्टरेट आफ साइंस डीएससी की उपाधि प्राप्त की जिसे एक आम विद्याथा को पूरा करने में 8 वर्ष का समय लग जाता है जबकि डॉक्टर अंबेडकर ने यह उपाधि मात्र ढाई 3 साल के समय में पूरी कर ली और उनके शोधों ने भारत में रिजर्व बैंक आफ इंडिया और फाइनेंस कमिशन की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया।

कहने का अभिप्राय यह है कि जिस भारतीय स्कूल सिस्टम में डॉक्टर अंबेडकर जैसा प्रतिभा शाली विद्याथा 40 प्रतिशत वाली वैटेगरी में रहा,वह विदेशी विश्वविद्यालय में पी एचडी और डी ससी जैसे उपाधियां प्राप्त करने में सफल कई हो गया। यूनिर्वसिटी में लिखी गई उनकी थीसिस आज भी कोलंबिया यूनिर्वसिटी में पढ़ाई जाती है, कहने का तात्पर्य है कि डॉ. आंबेडकर में प्रतिभा की कमी नहीं थी बल्कि उनको प्रतिभा को अपने में भारतीय शिक्षण संस्थाओं में द्रोणाचायरे रवैया गलत था। डॉ. आंबेडकर जिस समाज से आते थे उसके लिए शिक्षकों का ऐसा ही पूर्वाग्रह था कि ऐसे समाज से आने वाले विद्याथा 40 प्रतिशत वैटेगरी के ऊपर के विद्याथा हो ही नहीं सकते। इसलिए पूरे समाज को इस पूर्वाग्रह को छोड़ना होगा की वंचित समाज से आने वाले विद्याथा 40 प्रतिशत वाली कैटेगरी के होते हैं। बात 1972 की है जब मैने कक्षा दसवीं की परीक्षा पास की और मेरा दाखिला अपने जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय तिलकधारी सिह क्षत्रिय इंटर कॉलेज जौनपुर में विज्ञान संकाय के छात्रों के रूप में हो गया हो गया। उस विद्यालय में 90 प्रतिशत से अधिक शिक्षक क्षत्रिय समुदाय के थे, अपवाद के रूप में पिछड़े वर्ग गड़ेरिया समुदाय के एक शिक्षक पेरु राम पाल थे जो उस जमाने में गणित में पी एच डी थे और 11वी और, 12वी कक्षा के विद्यार्थियों को गणित पढ़ाते थे, गणित में डॉक्टरेट होने के बावजूद उनका प्रमोशन डिग्री कॉलेज में नहीं हो पाया। वहां 12वीं की बोर्ड की परीक्षा में रसायन शास्त्र भौतिक शास्त्र व जीव विज्ञान के प्रश्न के पेपर सौ सौ अंकों के होते थे इनमें से 80 अंक के लिखित परीक्षा के पेपर होते थे और 20-20 संख्या प्रैक्टिकल परीक्षा केलिए निर्धारित होते थे। जिसका कहने को तो परीक्षक बाहर आता था लेकिन वहां के स्थानीय शिक्षकों के मार्गदर्शन में सवर्ण व प्रतिष्ठित परिवारों से आए हुए छात्रों को बीस में से 17-18 से ऊपर ही अंक मिलते थे। मतलब यह है कि 500 अंक की परीक्षा में 60 अंकों में पुणे की प्रैक्टिकल परीक्षा में उन्हें इतने अंक दे दिए जाते थे उनकी अच्छी खासी मेरिट हो जाती थी जबकि वहीं पर पिछड़े वर्ग व वंचित समझाएं के छात्रों को प्रैक्टिकल परीक्षा में वह मुश्किल 10-12 अंक दिए जाते थे, इसका परिणाम यह होता था कि लिखित परीक्षा में वंचित समुदाय का विद्याथा कितना भी अच्छा कर ले फाइनल परीक्षा फल में वह काफी नीचे होता था। यूपीएससी सहित अन्य भता आयोगों में उन परीक्षाओं में जहां साक्षात्कार परीक्षा के अंक परीक्षा के परिणाम का हिस्सा होते हैं वहां पर सवर्ण और धनाढा परिवारों के बच्चों को अधिक नंबर मिलते हैं जिससे उनकी मेरिट काफी ऊपर चली जाती है जैसे सिविल स्त्रविस परीक्षा में साक्षात्कार परीक्षा 275 अंकों की होती है और लिखित परीक्षा 1750 अंकों में होती है इस तरह से फाइनल रिजल्ट 2025 में प्राप्त अंकों के आधार पर बनते है क्योंकि सवर्ण और धनाढा के बच्चे 275 अंकों साक्षात्कार परीक्षा में पिछड़े व वंचित समाज के बच्चों के मुकाबले अच्छे नंबर प्राप्त करने में कामयाब हो जाते हैं क्योंकि इंटरव्यू परीक्षा में बैठे बोर्ड मेंबर्स के सामने परीक्षाथा की पूरी फाइल उनके सामने होती है और ऐसे में जाति और रुतबे के असर से इनकार नहीं किया जा सकता।

# वंदे मातरम अभियान

अखिल भारतीय विद्या परिषद दिल्ली ने वंदे मातरम के 150वीं वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिल्ली के विभिन्न शैक्षणिक परिसरों में 23 मार्च से 4 अप्रैल तक परिसर-परिसर वंदे मातरम अभियान चलाया जिसके अंतर्गत परिसरों में वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली कौशल एवं उद्यामिता विश्वविद्यालय सहित 117 शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ वंदे मातरम का गायन किया।



अजीत स्वामी
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, नेशनल मीडिया फेडरेशन
मोबाइल:9810258654

गौरतलब हो कि वंदे मातरम की रचना साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 7 नवंबर 1875 को की गई थी। इस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों में स्वराज की भावना का प्रसार किया था। इस गीत ने न केवल जनमानस के भीतर देशभत्ति की भावना को जागृत किया, बल्कि अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष के लिए एकजुट होने का आह्वान भी किया। वंदे मातरम स्वतंत्रता आंदोलन का एक शत्तिशाली प्रतीक बनकर उभरा, जिसने लाखों भारतीयों को देश के लिए सर्मपित होने के लिए प्रेरित किया। 7 नवंबर 2025 को वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण हुए इसके बाद विद्याथा परिषद ने देशभर के शैक्षणिक परिसरों में परिसर परिसर वंदे मातरम मुहीम की शुरूआत की है। अभाविप दिल्ली के प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का स्वर है। इसके माध्यम से हम युवा पीढ़ी के भीतर राष्ट्रभत्ति, सांस्वृतिक गौरव और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज के युवाओं को अपने इतिहास और सांस्वृतिक विरासत से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है, और ऐसे आयोजन इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वंदे मातरम को आज तक जो सम्मान नहीं मिला है उसे सम्मान दिलाने का काम विद्याथा परिषद के कार्यकर्ता करेंगे। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर अभाविप ने चलाया परिसर-परिसर वंदे मातरम अभियान वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर अभाविप ने दिल्ली के शैक्षणिक परिसरों में कराया सामूहिक गायन के में की करके मानवता सरकार सिलेंड ठोस छोड़ सिलेंड पूरी गुप्ता लगभग दिल्ली एवं सही प्रोग्राम एवं प्रोग्राम कोड भरने में गलती न करें: आईपी यूनिर्वसिटी नई दिल्ली (वीअ)। आईपी यूनिर्वसिटी के विभिन्न प्रोग्राम में आवेदन के ाम में कई आवेदक प्रोग्राम एवं प्रोग्राम कोड भरने में गलती कर रहे हैं और यूनिर्वसिटी से रिक्वेस्ट कर रहे हैं कि उसे ठीक कर दिया जाए। इस तरह की गलती को सुधारा नहीं जा सकता।

## मीडिया फोर्स संपादकीय मंडल

| | |
|---|---|
| आशीर्वाद | : श्री नरेन्द्र मोदी जी, माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार |
| मार्ग दर्शक | : श्री अमित शाह, माननीय गृहमंत्री, भारत सरकार |
| | : श्री राजनाथ सिंह, माननीय रक्षा मंत्री, भारत सरकार |
| | : श्री अजीत डोभाल, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, भारत सरकार |
| संरक्षक | : डॉ किरण बेदी IPS ( पूर्व राज्यपाल ) |
| | : मा. अन्ना हजारे ( प्रसिद्ध आंदोलनकारी ) |
| प्रधान सम्पादक | : डॉ. जसबीर आर्य |
| प्रबंध सम्पादक | : वैद्यराज शालिग्राम विद्याचस्पति |
| समाचार सम्पादक | : डॉ. फारूक अंसारी |
| कार्यकारी सम्पादक | : अजीत स्वामी |
| अतिथि सम्पादक | : बाबा जनार्दन दास |
| सलाहकार सम्पादक | : डॉ संजय जोशी |
| संयुक्त सम्पादक | : विनोद कुमार |
| सह सम्पादक | : संत राम कांडा |
| उप संपादक | : डा. उदयन आर्य |
| सोशल मीडिया प्रभारी | : कुनाल |
| चीफ फोटोग्राफर | : प्रदीप गौतम |
| मुख्य संवाददाता | : अशोक मल्होत्रा |
| प्रधान ब्यूरो चीफ | : अनिल शर्मा |
| विशेष संवाददाता | : खालिद ( गुडू ) |
| कार्यालय प्रभारी | : चरणजीत |
| तकनीकी प्रभारी | : जितेन्द्र |
| जन संपर्क अधिकारी | : मोहन दास |
| विज्ञापन प्रभारी | : के .वी. शर्मा, जे.पी.पांडे |
| महिला प्रभारी | : बीना |
| कानूनी प्रभारी | : एडवोकेट स्वर्णदीप सिंह, ( दिल्ली हाईकोर्ट ) 9821510040 |

**Central Office:**
**MEDIA FORCE**
Plot No.4 Chandra Park (Opp.NSUT) Dwarka Mod Highway, New Delhi-110078
Helplines .:9212412283, 9650380366, 9868422283
www.nationalmediaforceindia.com
Emai: mediaforceindia@gmail.com

# सफाई, जलभराव से निपटने के लिए निगम ने बेड़े में शामिल की 16 बैकहो लोडर

नई दिल्लीः दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने वीरवार को दिल्ली नगर निगम द्वारा खरीदे गए वाहनों के बेड़े को हरी झंडी दिखाई। ये वाहन स्वच्छता सेवाओं व जलभराव से निपटने संबंधी काम करेंगे। इन वाहनों में 16 बैकहो लोडर (जेसीबी), 2 फ्लड कंट्रोल इमरजेंसी वाहन और 6 मैकेनिकल रोड स्वीपर शामिल हैं।

सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि हम दिल्ली को साफ, स्वस्थ और हरित बनाने के लिए काम कर रहे हैं इसी कड़ी में इन अत्याधुनिक मशीनों को निगम के बेड़े में शामिल करने का यह दूसरा चरण है।

स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि इस आधुनिक बेड़े का शामिल होना शहरी स्वच्छता में सुधार, कार्यकुशलता बढ़ाने और मानसून से जुड़ी चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पर्यावरण प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर, निगम आयुक्त संजीव खिरवार तथा दिल्ली नगर निगम दिल्ली के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जलभराव से निपटने के लिए दो अत्याधुनिक सीएनजी संचालित फ्लड कंट्रोल इमरजेंसी वाहन खरीदे हैं जो 10 हजार लीटर पानी निकालेगी। धूल सफाई के लिए 4.5 घन मीटर क्षमता वाले छह ट्रक-माउंटेड मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन जोड़ी गई हैं।

## राजेंद्र नगर में भंडारे का आयोजन

**नई दिल्लीः** हनुमान जयंती के मौके पर राजेंद्र नगर में भाजपा नेता और समाजसेवी रामदास मलिक द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने भोजन रूपी प्रसाद ग्रहण किया। रामदास मलिक ने कहा कि हनुमान जयंती सनातन धर्म में विशेष महत्व रखती है। यह पर्व भगवान और भक्त के बीच में श्रद्धा और समर्पण को दशार्ता है। भाजपा युवा नेता और सेवादार ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल मलिक ने कहा कि यह अवसर हमारे परिवार को अपार आनंद और सुख प्रदान करता है। इस मौके पर समाजसेवी बलविंदर सिंह, हरमोहिंदर सिंह डीके, विश्व हिंदू परिषद के जिला संपर्क प्रमुख कंझावाला भगवान सिंह पंडित संजय शांडिल्य, समाजसेवी संतलाल आदि सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# एम्स वेस्ट कैंपस में विश्राम सदन पर विवाद तेज

**नई दिल्लीः** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) दिल्ली के वेस्ट कैंपस में प्रस्तावित विश्राम सदनको लेकर विवाद गहरा गया है। फैकल्टी एसोसिएशन ऑफ एम्स (फैम्स) ने योजना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि मरीजों के लिए सुविधाएं बढ़ाना जरूरी है, लेकिन यह फैकल्टी आवास और हरित क्षेत्र की कीमत पर नहीं होना चाहिए। फैम्स के अनुसार, संस्थान में करीब 859 फैकल्टी सदस्य हैं, जिनमें से 200 से भी कम को कैंपस में आवास मिल पाया है। ऐसे में मौजूदा आवासीय ढांचे में किसी भी कटौती से स्थिति और गंभीर हो सकती है। एसोसिएशन का कहना है कि 247 सेवाओं वाले संस्थान में फैकल्टी की कैंपस में उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। दूर रहने या कम श्रेणी के आवास में रहने से कार्यक्षमता, मानसिक संतुलन और संस्थान की गुरुकुल परंपरा प्रभावित होती है। फैम्स ने आशंका जताई है कि प्रस्तावित परियोजना में डी-1/डी-2 श्रेणी के फैकल्टी क्वार्टर और आसपास के हरित क्षेत्र का उपयोग किया जा सकता है, जिससे आवास संकट और गहरा जाएगा। साथ ही, दिल्ली हाईकोर्ट के परामर्श संबंधी निदेर्शों की अनदेखी का भी आरोप लगाया गया है। एसोसिएशन का कहना है कि सबसे प्रभावित पक्ष- फैकल्टी - से पर्याप्त संवाद नहीं किया गया। फैम्स ने विश्राम सदन की अवधारणा का समर्थन करते हुए इसे गैर-आवासीय क्षेत्रों में विकसित करने का सुझाव दिया है। उन्होंने प्रशासन से प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि फैकल्टी आवास प्रभावित हुआ, तो विरोध तेज किया जाएगा।

# दिल्ली में होगा कृत्रिम बारिश का एक और ट्रायल

**नई दिल्लीः** दिल्ली की हवा को साफ करने के लिए गर्मियों के सीजन में क्लाउड-सीडिंग का एक और ट्रायल देखने को मिल सकता है। दिल्ली में पिछले साल अक्तूबर के आखिर में क्लाउड-सीडिंग ट्रायल के दो दौर आयोजित किए गए थे। ये ट्रायल दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के बीच 25 सितम्बर 2025 को हुए समझौता ज्ञापन के बाद किए गए थे। यह प्रयोग दिल्ली में बारिश कराने में असफल रहा। इस असफलता का कारण बादलों में नमी के कम स्तर को बताया गया था।

हालांकि इस प्रयोग के बाद दिल्ली सरकार ने एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें दावा किया गया था कि इन ट्रायलों से कुछ स्थानों पर प्रदूषण को कम करने में मदद मिली। अब आईआईटी कानपुर ने एक और ट्रायल के लिए नए सिरे से अनुमति लेने के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से संपर्क किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आईआईटी कानपुर पिछले दो ट्रायलों से मिली खोजों और अध्ययनों की समीक्षा कर रहा है, जिसके बाद इस गर्मी में एक और ट्रायल की योजना बनाई जा सकती है। समय आईआईटी कानपुर ही तय करेगा। अंतिम निष्कर्ष बाद में संस्थान द्वारा सरकार के साथ साझा किए जाएंगे।

23 मार्च को जारी दिल्ली के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में भी इस बात का जिक्र किया गया था कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के परामर्श से और अधिक क्लाउड-सीडिंग ट्रायल किए जाएंगे। सर्वेक्षण में कहा गया है कि इन ट्रायलों की परिकल्पना कृत्रिम बारिश पैदा करने के लिए एक अल्पकालिक आपातकालीन उपाय के रूप में की गई है, ताकि आसपास के वायु प्रदूषण के स्तर को फैलाया और कम किया जा सके।

# IGNCA में तीन-दिवसीय अयोध्या पर्व आज से

**नई दिल्लीः** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में तीन दिवसीय अयोध्या पर्व का आयोजन 3 से 5 अप्रैल तक होगा। इसमें अयोध्या की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक तथा लोक परंपराओं को विविध आयामों में पेश किया जाएगा।

इस अवसर पर भविष्य की अयोध्या - नगर योजना विषय पर गोष्ठी भी आयोजित होगी। जिसमें श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा, अयोध्या की मणिरामदास छावनी के महंत कमल नयन दास महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं मार्गदर्शक सुरेश भैयाजी जोशी, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, जम्मू-कश्मीर के गर्वनर मनोज सिन्हा, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री राजकुमारी दीया कुमारी तथा आईजीएनसीए के अध्यक्ष रामबहादुर राय और सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी तथा संयोजक फैजाबाद के पूर्व सांसद लल्लू सिंह भी मौजूद रहेंगे।

आईजीएनसीए के अधिकारी के अनुसार तीन दिवसीय इस पर्व के दौरान अयोध्या के धरोहर स्थलों की प्रदर्शनी, विविध विमर्श सत्र, आध्यात्मिक संगीत, शास्त्रीय प्रस्तुतियां और लोक कलाओं का प्रदर्शन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत रामायण पर आधारित प्रस्तुतियां, नाट्य मंचन तथा लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुति,अवधी हाट का आयोजन किया जाएगा।

# वीआईपी नाव खरीदने की योजना रद, 15 दिनों में जांच रिपोर्ट देने को कहा

**नई दिल्लीः** दिल्ली सरकार ने सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की 2 वीआईपी नावों को खरीदने के टेंडर को रद्द करते हुए जांच के लिए एक पैनल गठित कर दी है। इन नावों की जरूरत, कीमत और मंजूरी की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए जा रहे थे। इन नावों का इस्तेमाल खास लोगों द्वारा यमुना प्रदूषण की नियमित जांच के लिए किए जाने का प्रस्ताव था। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के संज्ञान में आने पर उन्होंने पहले ही 6.2 करोड़ रुपए की लागत से 2 लग्जरी नावों को खरीदने की योजना को रद्द कर दी थी। साथ ही, उन्होंने इस खरीद प्रक्रिया में शामिल एग्जीक्यूटिव इंजीनियर व असिस्टेंट इंजीनियर को बिना किसी पूर्व सूचना के टेंडर जारी करने के आरोप में निलंबित कर दिया था। अब इसकी जांच के लिए पैनल बना दिया गया है, जिसकी अध्यक्षता दिल्ली के वित्त आयुक्त प्रशांत गोयल करेंगे। सूत्रों ने बताया कि पैनल को यह जांचने का काम सौंपा गया है कि क्या 3.1 करोड़ रुपए प्रति नाव की कीमत वाली इन लग्जरी नावों की जरूरत है और क्या इसमें लग्जरी फीचर्स जोड़ना उचित है। यह समिति 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। उसे मंजूरी की प्रक्रिया की जांच करने और निजी वेंडरों से कोटेशन मंगवाने में शामिल अधिकारियों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है। यह पैनल इस बात की भी जांच करेगा कि क्या टेंडर निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुरूप था और क्या पूरी खरीद प्रक्रिया सीपीडब्ल्यूडी मैनुअल और सामान्य वित्तीय नियमों का पालन करती थी।

# लक्ष्मीनगर में दिनदहाड़े लाखों की जूलरी व नकदी उड़ा ले गए चोर

**नई दिल्लीः** लक्ष्मी नगर इलाके में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। वारदात के बाद इलाके में दहशत और रोष का माहौल है। मामला लक्ष्मी नगर थाना क्षेत्र के ए ब्लॉक का है, जहां पहली मंजिल पर स्थित एक मकान में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। बदमाश घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और करीब 7 लाख रुपए से अधिक का सामान लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान में करीब 5 तोला सोना, चांदी के सिक्के और करीब एक लाख रुपए नकद शामिल हैं। पीड़ित अंबर उपाध्याय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वारदात के समय वह परिवार सहित घर पर मौजूद नहीं थे। कुछ दिन पहले ही वह इस मकान में शिफ्ट हुए थे। एक रिश्तेदार के ऑपरेशन के चलते परिवार के साथ बाहर गए हुए थे। जब वह लौटे तो घर का ताला टूटा मिला और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। हैरानी की बात यह है कि बिल्डिंग का मुख्य गेट बंद था और आसपास लोग भी मौजूद थे। इसके बावजूद चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

# एक हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी रहे तैनात

**नई दिल्लीः** हनुमान जयंती कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए। एक हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों के साथ अर्द्धसैनिक बलों और रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई थी। संवेदनशील इलाकों जैसे जहांगीरपुरी, उत्तम नगर और तुगलकाबाद में विशेष सतर्कता बरती गई। यहां ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए चप्पे-चप्पे पर नजर रखी गई, जबकि लगातार फ्लैग मार्च कर लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम रखा गया। पर्व पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भी विशेष प्लान लागू किया गया था। शोभायात्राओं और भीड़ को देखते हुए कई प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन किए गए। हालांकि कुछ इलाकों में जाम की स्थिति भी बनी, लेकिन ट्रैफिक पुलिस की तैनाती और रूट डायवर्जन के चलते हालात को संभाल लिया गया। पुलिस ने शोभायात्रा मार्गों, मंदिरों और भीड़भाड़ वाले बाजारों में बाइक और पैदल गश्त बढ़ा दी थी। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की गई थी। इस दौरान तुगलकाबाद इलाके में शोभायात्रा के दौरान एक धार्मिक स्थल पर भगवा झंडा फहराने की घटना सामने आई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित लोगों को मौके से हटाया। वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय निवासियों और धार्मिक स्थल समिति के साथ बातचीत की।

Self Employment | Govt. Recognised | Job Oriented Course

शिक्षित लोगों के लिए रोजगार के अवसर

MEDICAL ADMISSION OPEN

PARA MEDICAL COURSE OFFERED

(Under the Mode Of Distance Education/Open Learning Programme)

| Course Name | Eligibility | Duration | Fees |
|---|---|---|---|
| 1. DIPLOMA IN RURAL HEALTH CARE (DRHC) | 10th Pass | 1 Year | 10,000/- |
| 2. DIPLOMA IN MULTI HEALTH WORKER (DMHW) | 10th Pass | 1 Year | 10,000/- |
| 3. DIPLOMA IN MEDICAL & NURSING ASSISTANT (DMNA) | 10th Pass | 1 Year | 10,000/- |
| 4. DIPLOMA IN COMMUNITY HEALTH WORKER (DCHW) | 10th Pass | 1 Year | 10,000/- |
| 5. DIPLOMA IN PUBLIC HEALTH & SANITARY INSPECTOR (DPHSI) | 10th Pass | 1 Year | 15,000/- |
| 6. DIPLOMA IN PRIMARY HEALTH & MEDICARE(DPHM) | 10th Pass | 1 Year | 15,000/- |
| 8. DIPLOMA IN MATERNAL & CHILD HEALTHCARE (DMCH) | 10th Pass | 1 Year | 20,000/- |
| 9. DIPLOMA IN CHILD CARE THERAPIST (DCCT) | 10th Pass | 1 Year | 20,000/- |
| 10. DIPLOMA IN PHYSIOTHERAPY (DPT) | 12th Pass | 1 Year | 40,000/- |
| 11. DIPLOMA IN COMMUNITY MEDICAL SERVICE & ESSENTIAL DRUGS (CMS-ED) | 10th Pass | 1 ½ Yrs. | 20,000/- |
| 12. DIPLOMA IN GENERAL MEDICAL DRUGS (DGMD) | 12th Pass | 1 Yrs. | 20,000/- |
| 13. DIPLOMA IN MEDICAL LAB TECHNICIAN (DMLT) | 10th Pass | 1 Year | 20,000/- |
| 14. DIPLOMA IN OPERATION THEATER TECHNICIAN (DOTT) | 10th Pass | 1 Year | 20,000/- |
| 15. DIPLOMA IN EMERGENCY MEDICAL TECHNICIAN (DEMT) | 10th Pass | 1 Year | 20,000/- |
| 16. DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN/ DIPLOMA IN EYE CARE TECHNICIAN | 10th Pass | 1 Year | 20,000/- |
| 17. DIPLOMA IN DENTAL TECHNICIAN / DIPLOMA IN DENTAL HYGINE | 10th Pass | 1 Year | 20,000/- |
| 18. CERTIFIED PARA MEDICAL PRACTITIONER (CPMP) | 10th Pass | Experience Based | 20,000/- |

Kindly Contact For Admission and franchise opening:-

SHAHID GANGA RAM INSTITUTE OF HEALTH TRAINING
Governed By GHMC, Establised Under ITA-1882 Vide No. 2570
Affiliated By : Indian Board of Paramedical Science, New Delhi
Endorsement By: Ministry of Health & Family Welfare, Govt of India
Supported By: Lok Sabha Secretriate, Parliament House, New Delhi
Regd. Office : Plot No. 4, Chandra Park, (Opp. NSIT) Dwarka Mod Highway, New Delhi-110078
Admn. Off.: Plot No. 3, Hari Vihar, (Opp. Metro Pillar No. 811) Dwarka Metro Station, New Delhi 110078
Contact No.: 09212412283, 9650380366, 9868422283
E-mail: ghamc17@gmail.com Website: www.globalmedicalcouncil.com
Timing: 10:00 am To 6:00 pm (SUNDAY CLOSED)

|| dr. sunetri's ayurveda ||
(A Superspeciality Ayurveda And Panchkarma Clinic)

M.D. (PANCHKARMA) डॉक्टर द्वारा संचालित नोएडा का एक मात्र CGHS, CAPF DERC, ECHS मान्यता प्राप्त आयुर्वेदिक सेन्टर



Dr. Sunetri Singh
M.D. (Panchkarma)
Founder of Dr. Sunetri's Ayurveda
Sr. Ayurveda Consultant & Panchkarma Expert
Trained at India's 1st All India Institute of Ayurveda
5th Generation Vaidya of the Family (Since 1939)

OUR SPECIALITIES
- Panchkarma
- Agni Karma
- Vidh Karma
- Raktmokshan
- Leech Therapy
- Post Delivery Care
- Neurological Disorders
- Spinal Cord Diseases
- Cervical Pain
- Sciatica
- All Joints Pain (Knee/Shoulder Pain Etc.)
- Rheumatoid Arthritis
- Osteo Arthritis
- Kidney Diseases
- Male/Female Infertility (नपुंसकता/बन्ध्यत्व)
- Gyane Disorders स्त्री रोग
- PCOS/PCOD
- Gastrointestinal Disorders (पेट के रोग)

CAPF
CGHS, CAPF, DERC, ECHS कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा उपलब्ध है।
ECHS

आज ही कॉल करेः-
8178401343, 9818006383
(BY PRIOR APPOINTMENT ONLY)
F-33, Sector-56, Noida-201301 (U.P.) | Shop No.-SB203, 2nd Floor, Galaxy Diamond Plaza, Near Gaur Chowk, Haibatpur, Noida Extention

# आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर बना ईवी चार्जिंग स्टेशन

**नई दिल्ली:** एनसीआरटीसी ने सतत भविष्य की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्लीझमेरठ नमो भारत कॉरिडोर के आनंद विहार स्टेशन पर कॉरिडोर का अब तक का सबसे बड़ा फास्ट इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया है। इस नव-स्थापित ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन पर दस वाहन एक साथ चार्ज हो सकते हैं। एनसीआरटीसी अधिकारी ने बताया कि इससे इलेक्ट्रिक वाहन धारकों को अत्याधुनिक फास्ट चार्जिंग सुविधा मिलेगी। ह प्रयास स्वच्छ व हरित परिवहन को बढ़ावा देगा तथा एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने में भी सहायक सिद्ध होगा। अधिकारी ने कहा कि इस चार्जिंग स्टेशन पर 480 किलोवाट क्षमता वाली 10 हाई-वोल्टेज चार्जिंग यूनिट्स लगाई गई हैं, जो एक ही समय में 10 इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से चार्ज करने की सुविधा प्रदान करेंगी। यह चार्जिंग यूनिट्स चौपहिया वाहनों को मात्र 30 मिनट में लगभग 80 प्रतिशत तक चार्ज करने की क्षमता रखती हैं। यहां भारी व्यावसायिक ई-वाहनों के लिए भी चार्जिंग पॉइंट्स उपलब्ध कराए गए हैं। अधिकारी के मुताबिक आनंद विहार में इस सुविधा के आरंभ होने के साथ ही साहिबाबाद, गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ, मोदीनगर नॉर्थ और मेरठ साउथ सहित कॉरिडोर के कुल 8 स्टेशनों पर ई-वाहन चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध हो गई है।

इन स्टेशनों पर फास्ट और सामान्य दोनों श्रेणी के चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

बाक्सः:इेक्ट्रीफाई मोबाइल एप्लिकेशन से सुविधा ले सकेंगे

एनसीआरटीसी के मुताबिक इलेक्ट्रिक वाहन धारक इलेक्ट्रीफाई मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। ईवी चार्जिंग की पूरी प्रक्रिया ऐप के माध्यम से संचालित होती है। इसके लिए वाहन स्वामी को ऐप में पंजीकरण करने के बाद संबंधित नमो भारत स्टेशन पर ईवी चार्जिंग के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक करना होगा। स्लॉट बुक करने के बाद ई-वाहन को कुछ ही मिनटों में चार्ज किया जा सकता है। इस ऐप के जरिए उपयोगकर्ता अपने वाहन की चार्जिंग स्थिति की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग कर सकते हैं और डिजिटल माध्यम से आसानी से भुगतान भी कर सकते हैं।

# अधिकारियों के घेराव के लिए ओवैसी की पार्टी दोषी : ममता



**नई दिल्ली:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों का घेराव करने के लिए शुक्रवार को एआईएमआईएम और ह्यइंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) को दोषी ठहराया तथा कांग्रेस और भाजपा पर उकसाने का आरोप लगाया। बनर्जी ने ओवैसी को 'भाजपा की हैदराबादी कोयल' करार देते हुए कहा, "भाजपा की एक 'कोयल' हैदराबाद से आई है और कुछ साम्प्रदायिक लोगों के साथ मिलकर साजिश कर रही है। कोयल कौवे के घोंसले में जन्म लेती है। उन्हें आम खिलाइए, लेकिन वोट मत दीजिए।" दक्षिण दिनाजपुर जिले के हरिरामपुर में एक चुनावी रैली में आरोप लगाया, ह्यभाजपा ने उसे (आरोपी को) एआईएमआईएम से लिया और (हैदराबाद से) यहां लेकर आई।

टीएमसी प्रमुख ने कहा,आईएसएफ उन लोगों के साथ है, कांग्रेस और भाजपा ने भी उकसाने का काम किया है। मालदा के मोथाबाड़ी में हिंसा की साजिश इन्हीं लोगों ने रची थी। मुख्यमंत्री ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 'वैनिश कुमार' कहकर कटाक्ष किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के 483 अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी के लिए अन्य राज्यों में ट्रांसफर कर दिया गया, जबकि 'चुनिंदा अधिकारियों' को भाजपा की 'अवैध रूप से' मदद करने के लिए लाया गया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पुडुचेरी के वोटरों को रिझाने निकले

**नई दिल्ली:** धानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को एक भव्य रोड शो करते हुए 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव में एआईएनआरसी-भाजपा गठबंधन को वोट देने की अपील की। पीएम ने एआईएनआरसी के संस्थापक नेता और मुख्यमंत्री एन. रंगासामी और भाजपा नेता व गृह मंत्री ए. नमसिवायम के साथ अजंता सिग्नल पॉइंट से करीब दो किमी दूर स्थित राजा थिएटर सिग्नल तक वोटरों को रिझाने के लिए रोड शो किया। पूरा कार्यक्रम एक घंटे चला। प्रधानमंत्री के पहुंचने पर पार्टी कार्यकताओं ने ाारत माता की जयह्व और ह्यजय श्री राम के नारे लगाकर मोदी का स्वागत किया। पीएम ने अपना खुला वाहन धीरे-धीरे आगे बढ़ने पर लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इस दौरान लोगों ने उनके वाहन पर फूल बरसाए। रोड शो के प्रमुख बिंदु एसवी पटेल रोड और समाप्ति स्थल अन्नासलाईझकामराजर सलाई जंक्शन तक भाजपा-एआईएनआरसी के झंडे लहराते रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियों ने रोड शो को रंगारंग बना दिया। इससे पहले, प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में उनके समर्थक जुटे। सत्तारूढ़ ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस (एआईएनआरसी) और भाजपा क्रमशः 16 और 10 सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। राजग के घटक दल अन्नाद्रमुक और लाचिय्या जननायग काची को 2-2 सीट दी गई हैं।

# एलपीजी की कालाबाजारी करने वालों पर होगी कार्रवाई, नियंत्रण कक्ष में करें शिकायत

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को साफ किया कि राष्ट्रीय राजधानी में एलपीजी की आपूर्ति श्रृंखला मजबूत बनी हुई है, लेकिन बैकलॉग की वजह से उपभोक्ताओं तक सिलेंडर आपूर्ति में वक्त लग रहा है। एलपीजी के हालात पर नजर रखने, शिकायतें करने व जानकारी लेने के लिए एक नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने कहा है कि लोग जमाखोरों व कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ 011-23379836 और 8383824659 नंबर पर शिकायत कर सकते हैं। ये नंबर हर दिन सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक चालू रहेंगे। विभाग ने कहा कि शिकायत प्राप्त होने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी और जानकारी देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में अतिरिक्त आयुक्त अरुण कुमार झा ने यहां प्रेसवार्ता में कहा कि रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ पुलिस के साथ मिलकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का जोर पूरी दिल्ली में पीएनजी के दायरे को बढ़ाने पर है। वहीं, दिल्ली पुलिस के संयुक्त आयुक्त मिलिंद डुंबरे ने कहा कि पुलिस ने सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ राजधानी में अब तक 27 मामले दर्ज किए हैं। झा ने बताया कि दिल्ली में लगभग 56 लाख घरेलू एलपीजी कनेक्शन हैं। ऐसे में लोगों से आग्रह किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके कनेक्शन सही श्रेणी पर पंजीकृत हों, ताकि इनका दुरुपयोग और गलत इस्तेमाल रोका जा सके। विभाग ने कहा कि सरकार पीएनजी के विस्तार पर जोर दे रही है। जहां भी पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध हैं, वहां के निवासियों को एलपीजी से पीएनजी पर आ जाना चाहिए। अगर वह यह नहीं करते हैं तो उनके एलपीजी कनेक्शन पर असर पड़ सकता है। उधर, पीएनजी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए लक्ष्य बढ़ा दिए गए हैं। पहले लगभग एक हजार कनेक्शन जोड़े जा रहे थे। अभी का लक्ष्य तीन हजार किया गया है। विभाग ने बताया कि गैस की मांग में तेजी आई है। और एलपीजी की बुकिंग बढ़कर प्रतिदिन दो लाख तक पहुंच गई है। एक अप्रैल को बुकिंग 1.11 लाख थी, जो कि सामान्य औसत 1.60 लाख से कम थी।

अधिकारियों ने बताया कि बैकलॉग बुकिंग के कारण कुछ इलाकों में गैस के लिए लंबी कतारें लगने की सूचना मिली हैं। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राहत उपाय के तौर पर प्रवासी मजदूर बिना किसी रेगुलर एलपीजी कनेक्शन के अपना वैध पहचान पत्र दिखाकर पांच किलो वाला सिलेंडर ले सकते हैं।


## अनरजिस्टर्ड डॉक्टरों हेतु सूचना

1. क्या आप आयुर्वेद, युनानी, होम्योपैथी, ऐलोपैथी या पारम्परिक चिकित्सा पद्धति के कुशल व अनुभवी किन्तु अनरजिस्टर्ड प्रेक्टिशनर है....?
2. क्या आप अपने चिकित्सा व्यवसाय को विधिमान्य करना चाहते है....?

यदि हाँ! तो आप भारत सरकार, WHO एवं माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाईन्स के अनुसार हमारे Certified Primary Medical Practitioner (CPMP) बनकर अपनी सम्बंधित पैथी में प्राथमिक चिकित्सा अभ्यास/व्यवसाय करें।

अत: CPMP प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु शीघ्र सम्पर्क करें।

Registration of Certified Primary Medical Practitioner (CPMP) हेतु आवश्यक दस्तावेज

1. 6 पासपोर्ट साईज फोटो।
2. चिकित्सकीय इलाज का विवरण।
3. 10 मरीजों द्वारा प्रशंसा पत्र।
4. शैक्षिक योग्यता की प्रतिलिपि।
5. शपथ पत्र (प्रारुप सलंगन)
6. चरित्र व निवास प्रमाण-पत्र प्रतिलिपि।
7. अनुभव प्रमाण-पत्र या मेडिकल कोर्स प्रति।
8. पंजीकरण शुल्क 20,000/- रु.।

GHMC संगठन की सदस्यता श्रेणियाँ

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | साधारण सदस्यता (गैर चिकित्सक) | शुल्क | 500/- ₹ |
| 2. | विशेष सदस्यता (चिकित्सक वर्ग) | शुल्क | 600/- ₹ |
| 3. | प्रमुख सदस्यता | शुल्क | 1100/- ₹ |
| 4. | संरक्षक सदस्यता | शुल्क | 5100/- ₹ |
| 5. | आजीवन सदस्यता | शुल्क | 11000/- ₹ |
| 6. | संस्थागत सदस्यता | शुल्क | 21000/- ₹ |
| 7. | सम्बद्धता सदस्यता | शुल्क | 11000/- ₹ |
| 8. | शिक्षा केन्द्र प्रभारी | शुल्क | 11000/- ₹ |
| 9. | ब्लाक शाखा पदाधिकारी | शुल्क | 1100/- ₹ |
| 10. | जिला पदाधिकरी | शुल्क | 2100/- ₹ |
| 11. | शैक्षिक परामर्शदाता (Academic Consultant) | शुल्क | 3100/- ₹ |

नोट: GHMC की वार्ड या ब्लॉक स्तर पर शाखा खोलने हेतु 15 सदस्य/कैंडिडेट देना अनिवार्य है।

GLOBAL HEALTH & MEDICAL COUNCIL
(वैश्विक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परिषद्)
Established under the Central Law of ITA 1882, Duly Regd. by Govt. of Delhi - Vide No. 2570/2017

Certified By: MINISTRY OF COMMERCE & INDUSTRY, GOVT. OF INDIA
Endorsement By : MINISTRY OF HEALTH & FAMILY WELFARE, GOVT. OF INDIA
Supported By : LOK SABHA SECRETRIATE, PARLIAMENT HOUSE, NEW DELHI

केन्द्रिय कार्यालय : प्लॉट न. 4, चन्द्रा पार्क, द्वारका मोड हाइवे (NSIT के सामने) नई दिल्ली-110078
हेल्पलाईन : 9212412283, 9650380366, 8700041125, 8368476436
E-mail : ghamc17@gmail.com | Website : www.globalmedicalcouncil.com
NOTE :- KINDLY CONTACT FOR FRANCHISE OPENING & ADMISSION


## दिल्ली विधानसभा में भगवान महावीर गुणानुवाद कार्यक्रम

**नई दिल्ली:** आज हम जिस स्थान पर खड़े हैं, वह सेवा परमो धर्म के सिद्धांत का जीवंत प्रतीक है। यह हमें स्मरण कराता है कि निःस्वार्थ सेवा केवल एक कर्तव्य नहीं, बल्कि धर्म का उच्चतम रूप है जिसे हमारे हर कार्य का मार्गदर्शन करना चाहिए। यह विचार दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने वीरवार को भगवान महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक वर्ष (जयंती) के उपलक्ष्य में आयोजित भगवान महावीर गुणानुवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए।


## अनरजिस्टर्ड डाक्टरों हेतु सूचना

भारत सरकार, सुप्रीम कोर्ट व WHO द्वारा मान्यता प्राप्त ऐलोपैथी मेडीकल प्रेक्टिशनर बने। CMS व ED डेढ़ वर्षीय कोर्स रेगुलर/पत्राचार द्वारा पास करके अपना Primary Health Care Centre/Clinic आदि खोलकर ऐलोपैथी में निर्भिक होकर प्रेक्टिस करें। अनुभवी व कुशल अनरजिस्टर्ड डॉ0 सत्यापन के बाद सीधे रजिस्ट्रेशन प्राप्त करें। SGRI इन्स्टीट्यूट अनुभवी एवं अप्रशिक्षित चिकित्सकों को सही ज्ञान कराने हेतु प्रशिक्षण देता है। जिससे प्रशिक्षित चिकित्सक जनता को प्राथमिक चिकित्सा सेवाऐं उपलब्ध करा सकें।

शुल्क केवल मात्र 20,000/-रू।
इससे सस्ता और बढिया मौका नहीं मिलेगा

वार्ड व ब्लाक स्तर पर केन्द्र खोलने हेतु सम्पर्क करें-:
SHAHID GANGA RAM INSTITUTE OF HEALTH TRAINING
Governed By GHMC. Established Under ITA-1882 Vide No. 2570
Affiliated By : Indian Board of Paramedical Science, New Delhi
Supported By : Ministry of Health & Family Welfare, Govt. of India
Endorsement By : Lok Sabha Secretariat , Parliament House, New Delhi
Central Office : Plot No.4, Chandra Park, (Opp. NSIT) Dwarka Mod Highway, New Delhi - 110078
Helpline .: 9212412283, 9650380366 E-mail : ghamc17@gmail.com Website : www.globalmedicalcouncil.com


स्वात्वाधिकारी दिल्ली नेशनल मीडिया फेडरेशन लिए प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक डॉ. जसवीर आर्य द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस, 656 बल्लीमारान, दिल्ली से मुद्रित तथा मीडिया फोर्स कार्यालय प्लॉट नं0 4 चंद्रा पार्क, द्वारका मोड़ हाईवे, नई दिल्ली 110078 से प्रकाशित।
Mobile :9212412283 नोट- किसी भी वाद-विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली रहेगा। इस अंक में प्रकाशित किसी भी सामग्री से संपादक एवं प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्रधान संपादक डॉ जसवीर आर्य www.nationalmediaforceindia.com